भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1807**

(जिसका उत्तर 02 मार्च, 2020/12 फाल्गुन, 1941 (शक) को दिया जाना है)

**बैंक कर्मचारियों का वेतन पुनरीक्षण**

1807. डॉ॰ डी॰ रविकुमारः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या 10 लाख से अधिक बैंक कर्मचारियों तथा अधिकारियों के लिए वेतन पुनरीक्षण समझौता दो वर्ष से अधिक समय से अटका हुआ है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) क्या सरकार का विचार वेतन वार्ता का समाधान सौहार्दपूर्ण तरीके से करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

**(क) से (ग):** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में वेतन का निर्धारण भारतीय बैंक संघ (जो बैंक प्रबंधन विशिष्ट अधिदेश पर उनकी ओर से विचार करता है) तथा बैंक कर्मचारियों के यूनियन/संघों के बीच में द्विपक्षीय समझौते के द्वारा प्रत्येक पाँच वर्ष में किया जाता है। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने सरकार से वेतन संशोधन की कार्रवाई को गति प्रदान करने का निवेदन किया था। भारतीय बैंक संघ (आईबीए) ने सूचित किया है कि वह 8.47 लाख पीएसबी कर्मचारियों के संबंध में 1.11.2017 से लंबित वेतन संशोधन के लिए समझौता वार्ता कर रहा है। आईबीए ने यह भी बताया है कि पीएसबी कर्मचारियों को अक्टूबर 2019 में एक माह का तदर्थ वेतन दिया गया है।

*****